हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शनिवार, 19 जुलाई 2025

10 सड़कों पर नाला और साथ लगती इंटरलॉक...



12 धान की रोपाई जोरों पर, अब तक 43 हजार 461 हेक्टेयर में लग चुकी ...



# बहादुरगढ़ में 22338 डिफाल्टर उपभोक्ताओं पर 153 करोड़ 72 लाख रुपये थे बकाया

- 'सरचार्ज माफी योजना 2025' का 2 जुलाई तक 2255 उपभोक्ताओं ने उठाया फायदा

रवींद्र राठी ▶▶ बहादुरगढ़

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा लागू 'सरचार्ज माफी योजना 2025' का करीब दस फीसद डिफाल्टर लाभ उठा चुके हैं। बहादुरगढ़ मंडल में 12 हजार 336 कनेक्टिड उपभोक्ताओं पर 68 करोड़ 34 लाख बकाया था। जबकि 10 हजार 2 डिसक्नेक्टिड उपभोक्ताओं पर 85 करोड़ 37 लाख बकाया थे। इनमें से कुल 2255 उपभोक्ता सरचार्ज माफी योजना का लाभ उठा चुके हैं। इनसे 5 करोड़ 60 लाख रुपए वसूले जा चुके हैं। जबकि 85 लाख 58 हजार रुपए सरचार्ज माफ किया जा चुका है।

'सरचार्ज माफी योजना 2025' केवल ऐसे उपभोक्ताओं के लिए मान्य है, जो 31 अगस्त 2024 तक निगम के डिफाल्टर थे और अब तक डिफॉल्टर बने हुए हैं। लंबे समय से बकाया बिल रहने और समय पर बिजली का बकाया बिल न चुकाने के कारण बिजली कनेक्शनों पर भारी मात्रा में सरचार्ज लगाया जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने अधिसूचना की तारीख तक बकाया मूल राशि का भुगतान एकमुश्त किए जाने पर मूल राशि पर 10 प्रतिशत की छूट दी है। और सरचार्ज भी माफ कर दिया जाएगा। यह योजना ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्थित सभी उपभोक्ता श्रेणियों के कनेक्टेड और डिस्कनेक्टेड उपभोक्ताओं के लिए लागू है। यूएचबीवीएन के कार्यकारी अभियंता सचिन दहिया के अनुसार योजना शुरू होने के समय बहादुरगढ़ मंडल में अर्बन क्षेत्र के 3735 डोमेस्टिक कनेक्टिड उपभोक्ताओं पर 6 करोड़ 34 लाख और 3683 डिस्क्नेक्टिड डोमेस्टिक उपभोक्ताओं पर 29 करोड़ 98 लाख बकाया थे। ग्रामीण इलाके में 6845 डोमेस्टिक कनेक्टिड उपभोक्ताओं पर 31 करोड़ 30 लाख और 2673 डिस्क्नेक्टिड डोमेस्टिक उपभोक्ताओं पर 17 करोड़ 75 लाख बकाया थे। एचटी इंडसट्रियल के 22 कनेक्टिड उपभोक्ताओं पर 2 करोड़ 62 लाख और 23 डिस्क्नेक्टिड उपभोक्ताओं पर 46 लाख बकाया थे। एलटी इंडस्ट्रियल के 192 कनेक्टिड उपभोक्ताओं पर 4 करोड़ और 925 डिस्क्नेक्टिड उपभोक्ताओं पर 14 करोड़ 87 लाख बकाया थे।



बहादुरगढ़। घरों के बाहर खंभे पर लगे बिजली के मीटर। फोटो: हरिभूमि

### 12 मई 2025 से 11 नवंबर 2025 तक प्रभावी रहेगी योजना



*सरकारी विभागों की बात करें तो 51 कनेक्टिड उपभोक्ताओं पर 13 करोड़ 32 लाख और 20 डिस्क्नेक्टिड उपभोक्ताओं पर एक करोड़ 27 लाख बकाया थे। अन्य श्रेणियों की बात करें तो 959 कनेक्टिड उपभोक्ताओं पर 10 करोड़ 42 लाख और 2649 डिस्क्नेक्टिड उपभोक्ताओं पर 21 करोड़ रुपए बकाया थे। एक्सईएन सचिन दहिया ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं का बिल गलत आया हुआ है, वे अपने बिल को ठीक करवाकर तथा उपभोक्ता जिनका केस किसी भी न्यायालय में लंबित हैं, वे अपना केस वापिस लेकर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। यह योजना 12 मई 2025 से 11 नवंबर 2025 तक प्रभावी रहेगी।*

### बकाया मूल राशि का भुगतान करने का होगा विकल्प

कृषि उपभोक्ता के पास बकाया मूल राशि का भुगतान करने का विकल्प होगा। एकमुश्त या 3 बिलिंग चक्रों में अधिसूचना। एपी उपभोक्ताओं का बिलिंग चक्र 4 महीने में एक बार होता है। यदि भुगतान एकमुश्त किया जाता है, तो मूल राशि पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी और पात्र एपी उपभोक्ताओं को पूरा अधिभार माफ किया जाएगा। अतिरिक्त हुए अधिभार की राशि 3 चालू बिल के नियमित भुगतान के साथ किश्तों में माफ कर दी जाएगी। बहादुरगढ़ मंडल में 532 कनेक्टिड एपी उपभोक्ताओं पर 34 करोड़ और 29 डिस्क्नेक्टिड एपी उपभोक्ताओं पर 4 लाख बकाया थे।

## खबर संक्षेप

### चोरी करने वाले का सुराग नहीं

**बहादुरगढ़।** रेलवे रोड स्थित दुकान में हुई चोरी की वारदात अनसुलझी है। कई दिन बीत जाने के बाद पुलिस वारदात को अंजाम देने वाले चोर तक नहीं पहुंच सकी है। गत छह जुलाई की रात को यह वारदात हुई थी। अनाज मंडी के निवासी राजेश की काठ मंडी में घी तेल की दुकान है। रविवार की रात को वह दुकान बंद करके घर चला गया। अगले दिन आया तो दुकान के ताले टूटे हुए थे। अंदर सामान अस्त व्यस्त था। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक वारदात को अंजाम देता नजर आया। वह दुकान से तीन लाख 40 हजार रुपये निकाल ले गया। यह वारदात अभी तक अनसुलझी है।

### अवैध हथियार सप्लाई करने वाला आरोपी काबू

**झज्जर।** एसटीएफ प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा थाना दुजाना क्षेत्र से दो अवैध हथियार व दो जिंदा कारतूस सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि मामले में आगामी कार्रवाई करते हुए निशांत निवासी उत्तर प्रदेश को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### एसी चोरी करने के संबंध में केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** सिटी पुलिस थाने के साथ सटे नगर परिषद कार्यालय की छत से एसी की वायर और पाइप आदि चोरी के मामले में आखिरकार पुलिस को शिकायत दे दी गई है। शिकायत के आधार पर सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। शिकायत में कनिष्ठ अभियंता नीरज ने कहा है कि दस जुलाई की रात को कार्यालय परिसर की छत से 9 एसी की कॉपर पाइप व तार आदि काटी गई थी। इनमें छह एसी थाने की तरफ लगे हुए हैं, जबकि तीन एसी अकाउंट ब्रांच में लगे हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। नगर परिषद के अलावा एक आर्किटेक्ट के आफिस में लगे एसी के आउटर को भी चोरों ने नुकसान पहुंचाया है। मामला सामने आने के बाद अधिकारी हरकत में आए और शिकायत दी जा सकी। थाने के बिलकुल साथ हुई चोरी की वारदात से लोग भी हैरान हैं।

### बदमाशों ने कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग की, मर्डर की वजह का अभी पता नहीं

# लाडपुर में गोलियां मारकर युवक की हत्या

जांच के दौरान वारदात स्थल से पुलिस को गोलियों के पांच खोल मिले। जबकि गाड़ी के अंदर से छह सिक्के पाए गए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़/बादली

इलाके में अपराध तेज गति से बढ़ रहा है। बीती रात को गांव लाडपुर गोलियों की गूंज से दहल उठा। यहां बदमाशों ने एक कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में एक व्यक्ति की जान चली गई। हत्या की वजह अभी स्पष्ट नहीं है। बादली थाना पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान करीब 35 वर्षीय संदीप उर्फ बबलू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, संदीप अपने साथी मोनू के साथ रात को गाड़ी में सवार होकर गांव के अड्डे से घर की ओर जा रहा था। गाड़ी मोनू चला रहा था और वह कंडक्टर सीट पर बैठा था। इसी दौरान एक स्विफ्ट गाड़ी उनकी रिट्ज कार के आगे आकर रुकी।

गाड़ी में से हमलावर बाहर निकले और उन्होंने संदीप की तरफ जाकर ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दी। इसके बाद हमलावर वहां से भाग गए। कई गोलियां लगने से संदीप लहुलूहान हो गया। जबकि मोनू हमले में बाल बाल बच गया। आनन फानन में संदीप को झज्जर के अस्पताल ले जाया गया। जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

हत्या की सूचना पाकर पुलिस हरकत में आई। पुलिस मौके पर जांच करने पहुंची और इलाके में घेराबंदी की गई। फॉरेसिंक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया। जांच के दौरान वारदात स्थल से पुलिस को गोलियों के पांच खोल मिले। जबकि गाड़ी के अंदर से छह सिक्के पाए गए।

संदीप को भी पांच से सात गोलियां लगने की बात सामने आई है, सही स्थिति पोस्टमार्टम के दौरान पता चल सकेगी। संदीप के भाई विकास के बयान पर इस संबंध में अज्ञात बदमाशों पर हत्या का केस दर्ज किया गया है। शुक्रवार को पीजीआई में शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई गई। संदीप तीन भाई बहनों में सबसे बड़ा था। तीन बच्चों का पिता था।



बहादुरगढ़। गाड़ी पर मौजूद गोलियों के निशान व (इनसेट में) संदीप का फाइल फोटो। फोटो: हरिभूमि

### कुछ ठेकेदारों के साथ चली रही थी तनातनी

संदीप को किसके कहने पर किसने और किन कारणों के चलते मौत के घाट उतारा, ये फिलहाल सवाल बने हुए हैं, लेकिन चर्चा है कि वह शराब कारोबार से जुड़ा था। इस वजह से उसकी कुछ ठेकेदारों के साथ तनातनी चली रही थी। संभवतः इसी रंजिश में उसे मौत के घाट उतारा गया हो। बहरहाल, मामले की तह तक जाने के लिए बादली थाना सहित अन्य टीमें जांच कर रही हैं। जैसे जैसे जांच आगे बढ़ती है, वैसे ही मामले की हकीकत सामने आएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कई टीमें तफ्तीश कर रही हैं। जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तार कर वारदात सुलझाई जाएगी।



बहादुरगढ़। मौके पर कार्रवाई करते नप व बोर्ड की संयुक्त टीम। फोटो: हरिभूमि

# औद्योगिक वेस्ट डालने पर दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

प्रदूषण की रोकथाम को लेकर हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की सख्ती बरकरार है। नगर परिषद और एचएसपीसीबी ने औद्योगिक क्षेत्र में कूड़ा फैलाकर प्रदूषण बढ़ा रही एक फैक्ट्री को नोटिस जारी किया है। शुक्रवार को बोर्ड की टीम ने नगर परिषद की टीम के साथ एमआईई का निरीक्षण किया। इस दौरान मुंगेशपुर ड्रेन के निकट औद्योगिक कचरा डालते हुए कुछ लोगों को पकड़ा गया। बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि एमआईई में स्थित श्री बालाजी इंटरनेशनल नामक इकाई द्वारा मुंगेशपुर नाले के किनारे औद्योगिक अपशिष्ट डंप किया जा रहा था। नगर परिषद और एचएसपीसीबी की टीम ने फैक्ट्री कर्मियों को मौके पर पकड़ा और इसके साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी किया है।





बहादुरगढ़। खेल महानिदेशक को मांग पत्र सौंपते रविंद्र छिल्लर, अशोक राठी व अन्य। फोटो: हरिभूमि

## बामड़ोली स्टेडियम में मल्टीपर्पज हॉल बनवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव बामडोली के निर्माणधीन खेल स्टेडियम में मल्टीपर्पज हाल बनवाने के लिए जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही के नेतृत्व में सरपंच एसोसिएशन के प्रधान अशोक राठी, बामडोली के सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र काला व मुकुंदपुर के सरपंच सुमित छिकारा ने चंडीगढ़ में महानिदेशक स्पोर्ट्स संजीव वर्मा को मांग पत्र सौंपा। रविंद्र छिल्लर बराही व अशोक राठी ने मांग पत्र सौंपते हुए खेल महानिदेशक संजीव वर्मा से बामड़ोली गांव के निर्माणाधीन खेल स्टेडियम में बहु-उद्देश्यीय हॉल का निर्माण करवाने की मांग की। संजीव वर्मा ने मांग पत्र पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# रोहतक-दिल्ली रोड पर दिनदहाड़े दो गाड़ियों के शीशे तोड़कर चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की सड़कों पर वाहन सुरक्षित नहीं है। सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों को चोर निशाना बने रहे हैं। कभी वाहन पर हाथ साफ कर देते हैं तो कभी शीशे तोड़कर उनमें रखा सामान चुरा लेते हैं। अब यहां दिन दहाड़े रोहतक-दिल्ली रोड पर कुछ ही समय के अंतराल में दो गाड़ियों के शीशे तोड़कर नकदी व जरूरी सामान चुरा लिया गया। एलआईसी एजेंट और एक निजी अस्पताल के डॉक्टर की गाड़ियां निशाना बनाई गई हैं।



दिल्ली के निवासी डॉ. शशांक का कहना है कि वह बहादुरगढ़ में रोहतक-दिल्ली रोड स्थित एक निजी अस्पताल में ईएनटी स्पेशलिस्ट हैं। वीरवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे वह अस्पताल में आए थे। अस्पताल के सामने सड़क किनारे पार्किंग में गाड़ी खड़ी की थी।

दोपहर करीब डेढ़ बजे देखा तो गाड़ी का पिछला शीशा टूटा हुआ था। जांच करने पर गाड़ी में रखे सर्जिकल उपकरण व अन्य कीमती सामान गायब था। वहीं, सेक्टर 6 के निवासी नवीन कुमार का कहना है कि वह एलआईसी एजेंट है। वीरवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे श्यामजी कांप्लेक्स स्थित आफिस के लिए निकला था।

रास्ते में मेट्रो स्टेशन के नीचे सामान लेने के लिए रुक गया और एक दुकान पर चला गया। कुछ ही मिनट बाद आया तो कंडक्टर साइड का शीशा टूटा हुआ था। गाड़ी में रखा बैग गायब था। बैग में 25 हजार रुपये, बांड व जरूरी दस्तावेज थे। वहीं, सूचना मिलने पर सिटी थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। दोनों शिकायतकर्ताओं के बयानों पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की तह तक जाने के लिए वारदात स्थलों के आसपास सीसीटीवी फुटेज खंगाली जाएगी। बता दें कि रोहतक, दिल्ली रोड पर इससे पहले भी इस तरह की कई वारदात हो चुकी हैं।

### *पुलिस आयुक्त से मिलकर आभार जताया*

**बहादुरगढ़।** शहर में चल रहे नशा मुक्ति अभियान के लिए यशपाल हिंदुस्तानी ने पुलिस कमिश्नर डॉ राजश्री से मुलाकात कर धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि विशेष अभियानों से समाज में सकारात्मक बदलाव आए हैं। नशा एक सामाजिक बुराई है, जिसे जड़ से खत्म करने के लिए प्रशासन के साथ-साथ समाज के हर व्यक्ति को आगे आना होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि पुलिस का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## कभी धूप तो कभी हुई बरसात, तापमान में आई गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शुक्रवार की दोपहर को इलाके में बरसात हुई। इसके बाद देर शाम तक आसमान में घने बादल छाए रहे। ठंडी हवा के साथ-साथ हल्की बूंदाबांदी भी जारी रही। तापमान में गिरावट के चलते लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

दरअसल, बीते कई दिनों से इलाके में मौसम बार-बार बदलता रहा है। कभी धूप निकलने से गर्मी बढ़ती है तो कभी बरसात से मौसम में नर्माहट आ जाती है। वीरवार की रात से शुक्रवार की सुबह तक रुक रुक कर क्षेत्र में 16.80 एमएम बरसात हुई। इसके बाद धूप निकली लेकिन दोपहर को फिर से आसमान में बादल छा गए। काफी देर तक हवा चलती रही और लगभग तीन बजे बरसात शुरू हो गई। फिर बीच बीच में कई बार रुक रुक कर हल्की बूंदाबांदी देर शाम तक हुई। अधिकतम तापमान 33 डिग्री दर्ज किया गया। बीते करीब महीने भर से तामपान 40 डिग्री से नीचे है। लिहाजा चिलचिलाती गर्मी बेशक नहीं पड़ी, लेकिन उमस ने जरूर परेशान किया है। बहादुरगढ़ इलामें सीवरेज और नाले ओवरफ्लो की समस्या भी बारिश में लोगों की परेशानी बढ़ा रही है।



# महिला ने दुकान से चाबी उठाई और मकान में चोरी कर ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- दयानंद नगर में स्थित एक मकान में चोरी की वारदात
- सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस आरोपी महिला तक पहुंचने का प्रयास करेगी

दयानंद नगर में स्थित एक मकान में चोरी की वारदात हो गई। शातिर महिला ने पहले दुकान से जाकर चाबी चुराई और फिर मकान का ताला खोलकर वारदात की। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में शिल्पा ने कहा है कि मकान से कुछ दूरी पर उसका बूटिक है। वीरवार को वह अपनी दुकान पर थी। इसी दौरान करीब साढ़े 11 बजे एक महिला सूट सिलवाने के लिए आई। सूट देकर वह चली गई। इससे पहले भी वह दो, तीन बार आ चुकी है। जब दोपहर दो बजे मैं अपने घर गई तो मकान के गेट पर लगा ताला खुला हुआ था। अंदर गई तो सामान अस्त व्यस्त था।

दो गुल्लक टूटी हुई थी। जिनसे करीब 22 हजार रुपये निकाले गए हैं। इसके बाद उसे आभास हुआ कि सूट सिलवाने के लिए दुकान पर आई वह महिला चाबी का गुच्छा उठा ले गई थी और फिर वारदात की। सीसीटीवी में भी वह शातिर महिला नजर आई है। उधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

शिकायतकर्ता से पुलिस को आरोपी महिला का नाम तो मिल गया है लेकिन उसका एड्रेस व अन्य जानकारी नहीं है। सेक्टर 9 चौकी पुलिस ने शिल्पा की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस आरोपी महिला तक पहुंचने का प्रयास करेगी।

### दिन प्रतिदिन बदल रहे मौसम के मिजाज का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा

# कभी बारिश, कभी धूप, लोगों को कर रही बीमार, बढ़ी ओपीडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

दिन प्रतिदिन बदल रहे मौसम के मिजाज का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। कभी बारिश तो कभी तेज धूप निकलने के कारण लोग खांसी, जुकाम, बुखार की चपेट में आ रहे है। जिसके कारण जहां नागरिक अस्पताल परिसर अन्य दिनों की अपेक्षा मरीजों की संख्या बढ़ी है, वहीं निजी अस्पतालों व क्लीनिकों पर भी लोग उपचार करवाने के लिए पहुंच रहे है। चिकित्सकों का कहना है कि ऐसे मौसम में बच्चे ओर बुजुर्ग बीमारियों की चपेट में ज्यादा आते है, क्यूंकि उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। चिकित्सक इन दिनों ठंडे पदार्थो के प्रयोग न करने और संतुलित आहार का प्रयोग करने की सलाह दे रहे है।



झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में उपचार के लिए पहुंचे नागरिक। फोटो: हरिभूमि

### *चिकित्सक नहीं मिलने पर भी मरीज दिखे परेशान*

*नागरिक अस्पताल परिसर में शुक्रवार को मरीज और उनके तीमारदार परेशान दिखाई दिए। मरीजों का कहना रहा कि चिकित्सक समय पर नहीं मिल रहे है। जिसके कारण परेशानी हो रही है। घंटों इंतजार के बाद भी चिकित्सक अपनी ड्यूटी पर नहीं आए है। ऐसे में अलग अलग कमरों में भेज कर परेशान किया जा रहा है।*

### बढ़ रही मच्छरों की संख्या फैल रही बीमारियां

बरसात के कारण शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हुए जलभराव के कारण भी बीमारियां फैल रही है। कारण यह है कि जलभराव में मच्छर पनप रहे है। मच्छरों के काटने से लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग की टीमें डोर टू डोर जाकर लार्वे की जांच कर रहे है और आमजन को जागरूक भी कर रहे है। लेकिन बाहरी क्षेत्रों में हुआ जलभराव लोगों की परेशानियों का कारण बन रहा है और लोग बीमार हो रहे है।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा की वाटरपोलो टीम का चयन 21 को

**बहादुरगढ़।** जूनियर नेशनल वाटरपोलो के लिए हरियाणा की टीम का चयन सोमवार 21 जुलाई को शहर की चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा। हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री ने बताया कि जूनियर नेशनल वाटरपोलो प्रतियोगिता इस बार 4 से 8 अगस्त तक कर्नाटक के बंगलौर में होगी। प्रतियोगिता के लिए हरियाणा की गर्ल्स और बॉयज टीम का चयन होना है। दोनों टीमों में 13-13 खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। सांसद धर्मबीर सिंह के दिशानिर्देश पर ट्रायल करवाए जा रहे हैं। इसके लिए वैलिड रजिस्ट्रेशन होना जरूरी है।


अनिल खत्री

### घोटाले को बताया रैंकिंग गिरने का कारण

**बहादुरगढ़।** स्वच्छता रैंकिंग में गिरावट को लेकर युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव प्रदीप यादव ने नगर परिषद में सफाई घोटाले को जिम्मेदार ठहराया है। उनके अनुसार परिषद हर माह करीब 3 करोड़ रुपए सफाई पर खर्च कर रही है। जबकि शहर की हालत बदतर है। हर गली-मोहल्ले में गंदगी के ढेर लगे हैं और मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। यादव ने इसे भ्रष्टाचार का नतीजा बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सफाई व्यवस्था केवल कागजों में दुरुस्त है, जबकि जमीनी हकीकत इससे उलट है। प्रदीप यादव ने उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि सफाई मद में खर्च होने वाली राशि का ऑडिट होना चाहिए। जवाबदेह अधिकारी या कर्मचारी के दोषी पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई हो। बहादुरगढ़ की सफाई व्यवस्था को तुरंत सुधारने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। अन्यथा कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।


प्रदीप यादव

### नई व्यवस्था से इंद्रलोक जाने वाले यात्री परेशान

**बहादुरगढ़।** डीएमआरसी द्वारा बेहतर सुविधा का हवाला देकर इंद्रलोक से बहादुरगढ़ के बीच गाड़ियों के संचालन में किया गया बदलाव बहुत से यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। बहुत से यात्रियों को यह नई व्यवस्था रास नहीं आ रही।

दरअसल, पहले बहादुरगढ़ से इंद्रलोक और कीर्ति नगर तक सीधी मेट्रो सेवा थी। लेकिन कुछ दिन पहले डीएमआरसी ने बहादुरगढ़ से इंद्रलोक के लिए सीधी मेट्रो सेवा सीमित कर दी। गत 30 जून को यह बदलाव लागू हुआ। अब केवल कीर्ति नगर के लिए सीधी सेवा है। जबकि इंद्रलोक के लिए मुंडका से गाड़ी बनकर चलती है। ऐसी स्थिति में बहादुरगढ़ से इंद्रलोक जाने वाले यात्रियों को मुंडका या फिर अशोक पार्क से गाड़ी बदलनी पड़ती है। आते वक्त भी इसी तरह से गाड़ी बदलनी पड़ रही है। बहादुरगढ़ से काफी यात्री रोजाना दिल्ली जाते हैं। इनमें बहुत से मेट्रो यात्री इंद्रलोक जाने वाले हैं। डेली पैसेंजर राहुल ने कहा कि पहले ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन से इंद्रलोक के लिए सीधी गाड़ी मिल जाती थी। अब मुंडका से बदलनी पड़ती है। इस रूट पर चलने वाली गाड़ियों के डिब्बे कम हैं और सवारियां अधिक हैं।

### नगर परिषद के मानक विरुद्ध किए जा रहे निर्माण कार्य बन रहे गले की फांस

# सड़कों पर नाला और साथ लगती इंटरलॉक टाइल्स का लेवल ऊंचा, सड़क बनी तालाब

नगर परिषद के अधिकारियों ने पुराने झज्जर रोड पर सड़क के साथ ही इंटरलॉकिंग टाइल्स लगवाई थी

- कठिनाइयों से दो-चार होना पड़ रहा है। शिकायत करने के बाद भी कुछ नहीं हो सका है समाधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

शहर की अनेक सड़कों पर नाला और उसके साथ लगती इंटरलॉक टाइल्स का लेवल सड़क से ऊंचा होने के कारण बरसाती पानी मुख्य सड़क मार्ग पर भरा रहता है। पुराने झज्जर रोड पर भी ऐसा ही हाल रहता है। हाल ही में लगाई गई टाइलों का लेवल ऊंचा है और सड़क पर पानी भरा है। स्थानीय निवासियों और राहगीरों को मुश्किलों से गुजरना पड़ रहा है। नगर परिषद और उसके ठेकेदार निर्माण कार्य को अंजाम देते हुए नियमों और मानकों की अनुपालना करने की बजाय मनमर्जी करते हैं। ठेकेदार जैसे-तैसे काम पूरा करके अपना भुगतान लेकर चले जाते हैं। मगर उनकी मूर्खता का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। नगर परिषद के अधिकारियों ने पुराने झज्जर रोड पर सड़क के साथ ही इंटरलॉकिंग टाइल्स लगवाई थी। मगर इनका लेवल सड़क से ऊंचा होने के कारण हर समय पानी सड़क पर जमा रहता है।


बहादुरगढ़। पुराने झज्जर रोड पर लेवलिंग डिफेक्ट के कारण जमा पानी। फोटो : हरिभूमि

#### राहगीरों को भी परेशानी

बरसाती पानी रुकने से मच्छर भी पनप रहे हैं और राहगीरों को भी परेशानी हो रही है। लोगों का आरोप है कि ठेकेदार अपनी मनमर्जी से सड़क मार्ग से ऊंची टाइल्स लगाकर चला गया। अब यह बरसाती पानी मुख्य सड़क मार्ग पर ही भरा हुआ है। ऐसे बेतरतीब निर्माण कार्यों से उन्हें बुनियादी सुविधा नहीं मिलती, बल्कि कठिनाइयों से दो-चार होना पड़ रहा है। शिकायत करने के बाद भी कुछ नहीं हुआ।


बहादुरगढ़। पाक्षिक बैठक में हिदायतें देते एसडीओ डॉ. सुनील कौशिक।

## कृषि अधिकारियों ने पाक्षिक बैठक में दी हिदायतें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

- यूरिया खाद की निगरानी करने बारे निर्देश दिए
- मेरी फसल मेरा ब्योरा पंजीकरण बारे किसानों को जागरूक करें

शुक्रवार को उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. सुनील कौशिक की अध्यक्षता में पाक्षिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीओ डॉ. सुनील कौशिक ने अधिकारियों व कर्मचारियों को ''मेरी फसल मेरा ब्योरा'' पंजीकरण बारे किसानों को जागरूक करने के निर्देश दिए। ताकि किसानों को विभाग से संबधित योजनाओं का फायदा मिल सके।

डॉ. सुनील कौशिक ने फील्ड अधिकारियों को यूरिया खाद को लेकर सचेत रहने व सभी खाद विक्रेताओं द्वारा विक्रय किए जा रहे यूरिया खाद की निगरानी करने बारे निर्देशित किया। ताकि यूरिया सही किसानों को मिल सके। इस दौरान बैठक में विषय विशेषज्ञ डॉ. महावीर मलिक, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. कविता, तकनीकी सहायक डॉ. सुनील कुमार, खंड कृषि अधिकारी डॉ. राकेश राणा, कृषि विकास अधिकारी डॉ. प्रदीप मलिक, डॉ. गौरव प्रकाश, डॉ. कुसुम लता, ब्लाक टेकनोलजी मैनेजर विकास, सहायक तकनीक मैनेजर सुधीर कादयान, कृषि प्रयवेक्षक कंवलजीत शर्मा, पंकज, प्रेम व जैसिका आदि उपस्थित रहे।

## डीपीएस में हुआ करियर काउंसलिंग सत्र

- शकक्षा 10वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

दिल्ली पब्लिक स्कूल बहादुरगढ़ में शुक्रवार को विद्यार्थियों के लिए एक विशेष करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने भाग लिया और छात्रों को उनके भविष्य के करियर विकल्पों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

सत्र में कक्षा 10वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और विशेषज्ञों से सीधे संवाद करके अपने संदेहों का समाधान पाया। प्रिंसिपल नीरजा ने बताया कि विद्यार्थियों को करियर की सही दिशा में मार्गदर्शन देने तथा उनके संशयों का समाधान करने के उद्देश्य से कार्यक्रम किया गया।

विशेषज्ञों ने इंजीनियरिंग, मेडिकल, लॉ, डिफेंस, कॉमर्स, आर्ट्स और अन्य क्षेत्रों से जुड़े अवसरों पर प्रकाश डाला और छात्रों को अपनी रुचि व योग्यता के अनुसार क्षेत्र चुनने की प्रेरणा दी। इस पहल की सराहना करते हुए प्रिंसिपल नीरजा ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ऐसे सत्र विद्यार्थियों को आत्मनिरीक्षण करने और अपने जीवन के महत्वपूर्ण निर्णयों को सोच-समझ कर लेने में सहायता करते हैं।


बहादुरगढ़। करियर काउंसलिंग सत्र में भाग लेते डीपीएस के विद्यार्थी।

## साप्ताहिक बाजार के दुकानदार अब दिनेश कौशिक से मिले

*अपनी समस्या के बारे में अवगत कराया*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

पटेल नगर में लगने वाले साप्ताहिक शुक्र बाजार के दुकानदार शुक्रवार को भाजपा विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक से उनके सेक्टर-2 स्थित कार्यालय पर मिले। दुकानदारों ने अपनी समस्या के बारे में अवगत कराया। दिनेश कौशिक ने तुरंत अधिकारियों से संपर्क किया और दुकानदारों की समस्या का समाधान करवाया।

दुकानदार बिजेंद्र, सुभाष कुशवाह, अहमद, आनंद, बंटू, हैप्पी, विशाल, तोषी, चमेली, विकास, राजू गुप्ता, राहुल, शैलेश गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता व राजेश ने दिनेश कौशिक को बताया कि वे सेक्टर-6 और पटेल नगर के बीच रोड पर शुक्रवार को बाजार लगाते हैं। मगर पुलिस द्वारा अब उन्हें यहां शुक्र बाजार लगाने से रोकते हुए अन्य स्थान पर शिफ्ट करने को कहा जा रहा है। जिसके चलते उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार अन्य स्थान पर शिफ्ट होने से उनकी दुकानदारी पर असर पड़ेगा। इस समस्या को लेकर वे विधायक राजेश जून से भी मिले थे। वे चाहते हैं कि बाजार वहीं लगता रहे। भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने एसीपी दिनेश से बात की।


बहादुरगढ़। साप्ताहिक दुकानदारों की समस्या सुनते दिनेश कौशिक। फोटो : हरिभूमि

## वैश्य आर्य शिक्षण महिला कॉलेज में तरु तरंग अभियान के तहत पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को तरू तरंग अभियान के तहत लाइनपार स्थित निजी स्कूल में पौधारोपण किया गया। प्राचार्या डॉ आशा शर्मा ने बताया कि वृक्षारोपण हमारे पर्यावरण और जीवन के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। पेड़ हमें ऑक्सीजन देते हैं और वायु प्रदूषण को कम करते हैं। मिट्टी के क्षरण को रोकते हैं और जैव विविधता को बढ़ावा देते हैं। वन्यजीवों के लिए आवास प्रदान करते हैं। इस महत्व को समझकर हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिएं और उनकी देखभाल करनी चाहिए।



बहादुरगढ़। जामुन व आंवला आदि पौधे लगाते डॉ. आशा शर्मा व अन्य।

## चालीस युवाओं की टीम ने शुरू किया कांवड़ सेवा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

कांवड़ियों की सेवा के लिए जहां शहर में कई स्थानों पर कांवड़ सेवा शिविर लगाए जा चुके हैं वहीं शुक्रवार को झज्जर-सांपला मार्ग पर चौहान पैलेस में शिव ग्रुप सब्जी मंडी द्वारा कांवड़ सेवा शिविर की शुरूआत की गई। आयोजक समिति सदस्य राजकुमार, सुनील कुमार, मनोज कुमार चुघ, मुकेश सुखीजा व सुधांशु हंस ने बताया कि शिव ग्रुप सब्जी मंडी, श्रीवीर हनुमान सेवा समिति व बाबा कांशीगिरी मंदिर कमेटी के सदस्यों द्वारा शहरवासियों के सहयोग से शिविर का आयोजन किया जाता है। बाबा कांशीगिरी मंदिर के पुजारी पवन कौशिक ने मुख्य यज्ञमान शीला देवी, राजकुमार, कुलवंत कौर, सुनील कुमार, प्रियंका, मनोज के साथ हवन में आहुति डलवाकर 12वें शिविर का शुभारंभ किया। पंडित पवन कौशिक ने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। मान्यता है कि इस यात्रा की शुरुआत त्रेता युग में मात-पितृ भक्त श्रवण कुमार द्वारा की गई थी। अपने माता-पिता की इच्छा पूर्ति के लिए श्रवण कुमार कांवड़ लाया था और इसी कांवड़ में श्रवण ने अपने माता-पिता को बैठा कर हरिद्वार में गंगा स्नान कराया। तभी से कावड़ यात्रा की शुरुआत मानी गई है। आयोजक समिति के प्रधान मनोज चुघ ने कहा कि उनकी टीम के 40 सदस्य सेवा कार्यरत है।



#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर महेंद्र बंसल, उमंग खुराना, सुभाष सैनी, अश्वनी अरोड़ा, जगदीश चोपड़ा, प्रिंस सेठी, राघव हंस, नयन हंस, भारत भूषण नंदा, अभिजोत, भवित वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, हेमंत वर्मा, अन्नू वर्मा, मुकेश काकराण, भगत सोलंकी, कर्ण, अशोक, पुनीत सुखीजा, लवीश, रोहित गेरा, मुकेश सोलंकी मौजूद रहे।

## कुश्ती का दम दिखाने हंगरी पहुंचा सुमित दलाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

विश्व स्तर पर देश का परचम लहरा रहा मांडोठी का सुमित पहलवान अब कुश्ती का दम दिखाने के लिए हंगरी पहुंच गया है। सुमित दलाल वहां चल रही सीनियर रैंकिंग कुश्ती चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व कर रहा है। कुश्ती प्रेमियों को उससे गोल्ड मेडल की उम्मीदें हैं। आगामी 20 जुलाई को वह मैट पर उतरेगा।

दरअसल, इन दिनों हंगरी के बुडापेस्ट में पॉलिक इमरे एवं वर्गा जोनेस रैंकिंग कुश्ती सीरीज चल रही है। दुनियाभर के पहलवान इसमें भाग ले रहे हैं। भारतीय टीम भी हंगरी पहुंच चुकी है। फिलहाल ग्रीको के मुकाबले चल रहे हैं। इसके बाद महिला वर्ग और फ्री स्टाइल के मुकाबले होंगे। हंगरी खेलने गए भारतीय दल में मांडोठी का लाल सुमित दलाल भी शामिल है। सुमित गांव मांडोठी स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े में अभ्यास करता है। जून माह में वियतनाम में हुई एशियन चैंपियनशिप और उसके अगले सप्ताह जर्मनी में हुई वर्ल्ड मिलट्री कुश्ती चैंपियनशिप में सुमित ने गोल्ड मेडल जीते थे। अब 60 केजी ग्रीको रोमन शैली का यह पहलवान वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज में दखखम दिखाने को तैयार है। अर्जुन अवॉर्डी कोच धर्मेंद्र दलाल ने कहा कि सुमित बेहद होनहार पहलवान है। पहले भी तीन बार वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल जीत चुका है। विदेश में जब भी जाता है तो देश के लिए मेडल जीतकर लौटता है। इस रैंकिंग सीरीज में भी उससे मेडल की उम्मीदें हैं। हमें यकीन है कि वह इस बार भी देश के लिए गोल्ड जीतेगा।


बहादुरगढ़। पहलवान सुमित दलाल।

## दुकानें शिफ्ट नहीं की तो आवंटन होगा रद्द

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहादुरगढ़

शहर को जाम मुक्त और व्यवस्थित बनाने की दिशा में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने सेक्टर-12 स्थित ऑटो मार्केट में 206 दुकानों का आवंटन ई-नीलामी के माध्यम से किया था। संपदा अधिकारी ने बताया कि काफी समय बीत जाने पर भी अनेक दुकानदारों ने व्यवसाय को नई दुकानों में शिफ्ट नहीं किया है। उन पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उनके आवंटन रद्द किए जाएंगे। संपदा अधिकारी विजय कुमार राठी के अनुसार ई-निलामी के समय यह शर्त बताई गई थी कि वे निर्धारित भवन योजना के अनुसार नई आवंटित साइट पर निर्माण कर ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट प्राप्त कर लें और अपनी पुरानी दुकानों को छोड़कर व्यवसाय को नई दुकानों में स्थानांतरित करें। लेकिन अब तक कई दुकान धारक पुरानी दुकानों में ही व्यवसाय जारी रखे हुए हैं, जोकि नियमों के खिलाफ है। ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए संपदा अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि 15 दिनों के अंदर जिन व्यापारियों ने अपनी पुरानी दुकानों से व्यवसाय हटाकर नई आवंटित साइट पर स्थानांतरण नहीं किया, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।


बहादुरगढ़। जानकारी देते ईओ विजय कुमार राठी

## डीसी ने शिकायतों को लंबित न रखने और जल्द समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

विभागीय अधिकारी समाधान शिविर या जनसंवाद की कोई भी शिकायत अधिक समय तक लंबित नहीं रखे, तत्काल समाधान करें। जिस अधिकारी को शिकायत निवारण के लिए पाबंद किया जाए, वह निर्धारित समयावधि में समाधान करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने समाधान शिविर की शिकायतों की समीक्षा करते हुए दिए।

इससे पहले वीसी के माध्यम से एसीएस वीरेंद्र सिंह ने सभी जिलों की लंबित शिकायतों के मामले में चल रही कार्रवाई के बारे में रिपोर्ट ली। इस दौरान उपायुक्त ने वीसी में बताया कि अब तक कुल 4631 शिकायतों प्राप्त हुई हैं,जिनमें अधिकांश शिकायतों का समाधान कर दिया गया है,115 शिकायतें लंबित हैं।



झज्जर। बैठक के दौरान दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

## अंतरराष्ट्रीय शिक्षा व रिसर्च को लेकर सहयोगात्मक समझौता

- यारी फाउंडेशन यूएसए के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ झज्जर

गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कबलाना व यारी फाउंडेशन यूएसए के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला के माध्यम से दोनों संस्थानों ने विद्यार्थियों के लिए विदेशों में उच्च शिक्षा, रिसर्च, स्टूडेंट एक्सचेंज, फैकल्टी एक्सचेंज एवं स्कॉलरशिप के अवसरों को लेकर सहयोगात्मक समझौता स्थापित करने की घोषणा की। कार्यशाला में यारी फाउंडेशन यूएसए के डॉक्टर जसबीर लोहान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने ने विद्यार्थियों को विभिन्न विदेशी विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा के अवसरों, प्रवेश प्रक्रियाओं, आवश्यक शैक्षणिक योग्यताओं और अंतरराष्ट्रीय परीक्षाओं बारे विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने खास तौर पर स्टूडेंट एक्सचेंज, फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम्स, रिसर्च कोलेबोरेशन तथा विभिन्न विश्वविद्यालयों से जुड़ाव की संभावनाओं बारे विस्तार से चर्चा की।


झज्जर। कार्यशाला में उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

#### इंटर्नशिप के अवसर मिलेंगे

उन्होंने बताया कि इस समझौते के अंतर्गत योग्य विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप, फेलोशिप एवं अंतरराष्ट्रीय इंटर्नशिप के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि इस समझौते के अंतर्गत दोनों संस्थान मिलकर विद्यार्थियों के करियर मार्गदर्शन, विदेश में उच्च शिक्षा के लिए प्रशिक्षण, रिसर्च प्रोजेक्ट्स तथा वैश्विक संस्थानों से सांझेदारी के लिए संयुक्त कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे।

**खबर संक्षेप**



झज्जर। लघु सचिवालय परिसर में चल रही प्रदर्शनी का अवलोकन करते नागरिक। फोटो :हरिभूमि

## आपातकाल की लोकतंत्र विरोधी ऐतिहासिक घटनाओं से रूबरू हो रहे नागरिक

**झज्जर।** लोकतंत्र और संविधान की महत्ता को उजागर करने तथा आमजन को आपातकाल की लोकतंत्र विरोधी ऐतिहासिक घटनाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से लघु सचिवालय में विशेष जन-जागरूकता प्रदर्शनी से आमजन न केवल जागरूक हो रहे हैं, साथ ही प्रदर्शनी के माध्यम से उन्हें आपातकाल के काले अध्याय की जानकारी भी मिल रही है। डीआईपीआरओ सतीश कुमार ने बताया कि दस दिवसीय प्रदर्शनी के माध्यम से लोग आपातकाल की लोकतंत्र विरोधी ऐतिहासिक घटनाओं से रूबरू हो रहे है।



झज्जर। खेल स्टेडियम में पौधारोपण करते हुए ग्रामीण एवं ट्रस्ट सदस्य।

## तीन सौ पौधे रोपित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**झज्जर।** शुक्रवार को ग्लोबल इको प्रोटेक्शन ट्रस्ट द्वारा क्षेत्र के गांव सुलौधा में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ट्रस्ट प्रधान एडवोकेट श्यामफूल भारद्वाज ने ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव के खेल स्टेडियम व नाले वाले मंदिर परिसर में पौधरोपण किया। पौधरोपण करते हुए उन्होंने कहा कि मानव द्वारा बस्ती बसाने व फैक्ट्री लगाने के चक्कर में लगातार हरे भरे पेड़ों का काटा जा रहा है जिस कारण पर्यावरण का संतुलन बिगड़ चुका है। पेड़ हमें जहां प्राण वायु प्रदान करते हैं वहीं पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए हमें अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण करना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे पौधरोपण के साथ-साथ रोपित किए गए पौधे की देखभाल का जिम्मा भी लें। उन्होंने मौजूदा जनसमूह को पौधों की देखभाल संबंधी शपथ भी दिलाई। अभियान के अंतर्गत करीब तीन सौ पौधे लगाए गए। तीन सौ पौधे रोपित करपर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर कपुर सिंह, वेदपाल, प्रेमचंद, धर्मेंद्र, सज्जन सिंह, बिजेंद्र, महिपाल, कर्ण सिंह, निर्मला, संतोष, राधा, लाडो, कौशल्या सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### प्रवासी श्रमिक धान की रोपाई के कार्य में जुटे

# धान की रोपाई जोरों पर, अब तक 43 हजार 461 हेक्टेयर में लग चुकी धान

■ किसान बारिश के बाद खेत की निगरानी रखें और कृषि विशेषज्ञों की सलाह अनुसार फसल में स्प्रे करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



मानसून के साथ ही जिले भर में धान की रोपाई का कार्य जोरों पर चल रहा है। किसान खेतों में धान की रोपाई का कार्य करवाने में व्यस्त है। प्रवासी श्रमिक धान की रोपाई कार्य में जुटे हुए है। अलसुबह से करीब सांय में प्रवासियों श्रमिकों को धान की रोपाई करते हुए देखा जा सकता है। किसान राकेश चाहार ने बताया कि अबकि बार बारिश तो ठीक हो रही है, लेकिन श्रमिकों की कमी के कारण रोपाई में देरी हुई है।

अब उन्होंने किसी ठेकेदार के माध्यम से श्रमिकों की व्यवस्था की है। अब धान की रोपाई शुरू की जाएगी। वहीं एक अन्य किसान जगदीप ने बताया कि दस एकड़ में धान की रोपाई की जा चुकी है, सिर्फ तीन एकड़ में ही धान की रोपाई करनी शेष है। उन्होंने कहा कि उनके गांव में जलस्तर ऊंचा होने के कारण धान फसल की पैदावार अधिक होती है।

उप कृषि निदेशक जितेंद्र अहलावत ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार धान की अधिक रोपाई हुई है। पिछले वर्ष 38 हजार हेक्टेयर भूमि में धान की रोपाई की गई थी, जबकि अबकि बार अब तक 43 हजार 461 हेक्टेयर भूमि में धान की रोपाई की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष किसानों द्वारा 12857.5 एकड़ में कपास फसल की बिजाई की गई है। क्षेत्र में पिछले पखवाड़े में जिले में मानसून सक्रिय रहा है। इस प्रकार के मौसम में हरा तेला, सफेद मक्खी, गुलाबी सुंडी एव जड़ गलन रोग का प्रभाव देखने को मिलता है। इसलिए किसान बारिश के बाद खेत की निगरानी रखें और कृषि विशेषज्ञों द्वारा बताए अनुसार फसल में स्प्रे करें।

## स्टेट एथेलेटिक्स चैंपिनयशिप में संकेत व राहुल ने जीता गोल्ड




झज्जर। प्रतियोगिता में भागीदारी के बाद पुरस्कार लेते विजेता खिलाड़ी।

■ विजेता खिलाड़ी अगस्त माह में होने वाली इंटर स्टेट एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में दिखाएंगे प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

करनाल के कर्ण स्टेडियम 15 से 16 जुलाई तक चली 15वीं हरियाणा स्टेट सीनियर एथेटिक्स चैंपियनशिप में जिले के दो खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इंटर स्टेट प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई है। एथेलेटिक्स कोच पवन कुमार ने बताया कि उनके खिलाड़ी संकेत भदानी ने 800 मीटर दौड़ को एक मिनट पचास सैकेंड में पूरा करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में राहुल जाहिदपुर ने पांच किलोमीटर दौड़ को चौदह मिनट बारह सैकेंड में पूरा करते हुए नेशनल के लिए क्वालिफाई किया। उन्होंने बताया कि अब दोनों विजेता खिलाड़ी अगस्त माह में तामिलनाडू के चेन्नई में होने वाली 64वीं इंटर स्टेट सीनियर एथेलेटिक्स चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे। उन्होंने बताया कि दोनों खिलाड़ी राजीव गांधी खेल परिसर तलाव में नियमित अभ्यास करते हैं। इस उपलब्धि पर कोच पवन कुमार, प्रवीण तलाव, बिट्टू सिलानी, अनिल, कुलदीप, कृष्ण कुमार, कमल, राजकुमार जौंधी आदि ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# एसडीएम ने डीघल गांव में महिला सांस्कृतिक केंद्र का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

क्षेत्र के गांव डीघल में एसडीएम रेणुका नांदल ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत सांस्कृतिक केंद्र का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर सरपंच सतीश अहलावत व महिलाओं ने एसडीएम का स्वागत किया। एसडीएम ने कहा कि आज के युग में नारी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है,अपनी प्रतिभा के दम पर हर क्षेत्र में सफलता का परचम लहरा रही हैं। शिक्षा हो या खेलकूद, अंतरिक्ष हो या प्रशासनिक सेवा, व्यवसाय हो या राजनीति- वे हर क्षेत्र में अपनी कुशलता सिद्ध कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार भी महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि गांव डीघल में महिला सांस्कृतिक केंद्र खुलने से महिलाओं को इसका पूरा लाभ मिलेगा।



■ कार्यक्रम में पहुंचने पर सरपंच सतीश अहलावत व महिलाओं ने एसडीएम का स्वागत किया

बेरी। महिला सांस्कृतिक केंद्र का उद्घाटन करते हुए एसडीएम रेणुका नांदल। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

## विद्यार्थियों को किया साइबर क्राइम व नशे के प्रति जागरूक

**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल में विद्यार्थियों को नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा और साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इंस्पेक्टर बलदेव, सब इंस्पेक्टर वीरेंद्र, एसपीए संजीत, एलएचसी सपना ने विद्यार्थियों को बताया कि नशा न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह व्यक्ति के सामाजिक, शैक्षणिक और पारिवारिक जीवन को भी बर्बाद कर सकता है। नशे से दूर रहना ही एक सफल और सुरक्षित जीवन का आधार है। इसके अलावा उन्होंने सड़क सुरक्षा के नियमों जैसे हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, ट्रैफिक सिग्नलों का पालन करने संबंधी जानकारी भी दी गई। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने विद्यार्थियों से कहा कि हमें इन आदतों को न केवल अपने जीवन में अपनाना चाहिए, बल्कि अपने परिवार, दोस्तों और पड़ोसियों को भी इनके प्रति जागरूक करना चाहिए। यही सच्ची राष्ट्र सेवा है।



## जिले में वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम का बेरी तहसील मे हुआ सफल प्रयोग

**झज्जर।** शुक्रवार को प्रशासनिक, कृषि और तकनीकी अधिकारियों की संयुक्त बैठक में जिला में वर्ल्ड बैंक आधारित योजनाओं के क्रियान्वयन की डीसी स्वप्लिन रविंद्र पाटिल ने समीक्षा की। बैठक में अधीक्षण अभियंता सिंचाई विभाग सतीश जनावा ने बताया कि बेरी खंड के गांव बेरी, दुजाना और शेरिया की सेमग्रस्त भूमि की समस्या के समाधान के लिए लगभग पांच करोड़ 29 लाख रुपये की लागत से 45 सोलर ऊर्जा से संचालित वर्टिकल ट्यूबवेल स्थापित किए गए। यह योजना पूरी से सफल रही और सैकड़ों किसानों को लाभ हुआ। जिले में वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम का बेरी तहसील मे हुआ सफल प्रयोग। इस उपरांत डीघल, धौड़, खरहर आदि गांवों में भी इस योजना का विस्तारीकरण किया गया। डीसी ने इस योजना की पूरी रिपोर्ट तैयार करने के लिए एसडीएम बेरी की अध्यक्षता में टीम गठित करने के निर्देश दिए।

# जांच शिविर में मिले हाइपर टेंशन के 28 मरीज

■ टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत लगाया गया दो दिवसीय निक्षय शिविर, 515 लोगों का जांच स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। स्वास्थ्य जांच शिविर में उपस्थित चिकित्सक एवं ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के गांव लाडपुर में दो दिवसीय निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यवाहक सिविल सर्जन डॉक्टर टीएस बागड़ी ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान को आगे बढ़ाने के लिए आमजन को आगे आना होगा। टीबी कार्यक्रम अधिकारी एवं उप सिविल सर्जन डॉक्टर निधि मोमिया, एसए अशोक कुमार, पीपीएम मीनाक्षी, क्लर्क जनक आदि ने शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में कुल 515 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई जिसमें से 95 एक्सरे एवं 30 बलगम सैंपल लिए गए। इसके साथ ही 117 लोगों की एनसीडी स्वास्थ्य जांच तथा 80 लोगों की रक्त जांच की गई। जांच के दौरान 18 लोग शुगर तथा 28 लोग हाइपर टेंशन के मरीज पाए गए। इसके अलावा जिन मरीजों की टीबी की दवाइयां चल रही है उनमें निक्षय पोषण किट का वितरण भी किया। इस मौके पर डॉक्टर शशि बाला, डॉक्टर आकृति हुड्डा, डॉक्टर नताशा, हेल्थ इंस्पेक्टर राज सिंह सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# ग्रामीण चौकीदार सभा के प्रधान बने राजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा द्वारा सीआईटीयू कार्यालय में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में उपस्थित राज्य महासचिव कलीराम व राज्य कोषाध्यक्ष भगत सिंह द्वारा नई जिला कमेटी का गठन किया गया। सर्व सम्मत्ति से हुए चुनावों में राजेंद्र सुलौधा को तीसरी बार जिला प्रधान की जिम्मेवारी सौंपी गई। इसके अलावा राजेंद्र लकड़िया को वरिष्ठ उपप्रधान, मनोज सुबाना व शेरसिंह को उपप्रधान, रामजीवन को सचिव, श्रवण को सह सचिव व दया किशन खुड्डन को कैशियर बनाया गया। सीआईटीयू की संयुक्त सचिव प्रवेश मातनहेल व किरण बहराणा ने नव नियुक्त पदाधिकारियों से कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गई है वे उसे पूरी ईमानदारी से निभाएं। अपनी नियुक्ति पर जिला प्रधान राजेंद्र सुलौधा ने कहा कि सरकार बनाने में ग्रामीण चौकीदार की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है लेकिन सरकार उन्हीं की जायज मांगों की अनदेखी कर रही है। उनकी मुख्य मांगों में ग्रामीण चौकीदारों को पक्का किया जाना, जब तक पक्का नहीं किया जाता तब तक न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये देना, ईएसआई सुविधा दिए जाने व चौकीदार की मृत्यु पर दस लाख रुपये का मुआवजा दिए जाने की मांग प्रमुख है। यदि सरकार उनकी मांगें जल्द पूरा नहीं करती है तो वे ठोस कदम उठाने पर मजबूर होंगे।



झज्जर। नव नियुक्त पदाधिकारियों के साथ उपस्थित सीआईटीयू नेता प्रवेश मातनहेल। फोटो :हरिभूमि



## विद्यार्थियों को दी सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी

**झज्जर।** जय मॉडर्न वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दुल्हेडा में सड़क सुरक्षा व नशे के प्रति सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में ट्रैफिक इंचार्ज सत्य प्रकाश, हेड कांस्टेबल जयवीर व प्रवीण कुमार ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों बारे में अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के लिए प्रेरित करते हुए दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट लगाने का आह्वान किया। इसके अलावा समाज में बढ़ रहे नशे के जागरुक करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। इस मौके पर स्कूल संचालक सुगन कुमार व प्रिंसिपल रोहित शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## बाइक चोरी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा बाइक चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी छुछकवास प्रभारी मंजीत ने बताया कि सुरेंद्र निवासी ग्वालिसन की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान राहुल निवासी सफीपुर के तौर पर की गई है।

**सूचना**

मैं, सुमित्रा देवी पत्नी श्री महतबीर सिंह निवासी गली नंबर-3, शक्ति नगर, झज्जर रोड, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र प्रवीन हुड्डा मेरे कहने सुनने से बाहर है और मैं उससे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करती हूं। उसके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। प्रवीन हुड्डा अपने हर कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उससे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

SHRI BALAJI INSTITUTE OF PARA MEDICAL SCIENCE
AUTHORIZED ADMISSION CENTRE OF MAA KAAMAL FOUNDATION
DR. S.K. SAINI Director
पिछले 25 वर्षों से लगातार जनसेवा में कार्यरत संस्थान।
फीस में 50% की विशेष छूट सभी के लिए सीमित समय के लिए
पहले आयें-पहले पायें। छात्रावास सुविधा। रविवार खुला है
DIPLOMA IN G.N.M. (MALE/FEMALE)
योग्यता :- 12th (किसी भी विषय में)
अवधि :- 3½ वर्ष | कुल सीटें :- 60
नियमित कक्षायें ऑनलाईन व ऑफ लाईन दोनों मोड में।
आजही अपने प्रमाण पत्रों के साथ आकर मिलें।
अतिशिघ्र आवश्यकता है:-
• G.N.M. -20
• MEDICAL LAB. TECH.-20
जो थ्योरी व प्रेक्टिकल दोनों करवा सके।
Dr. S.K. Saini (Director)
41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे, रोहतक-124001
9254233221

### वाहन चलाते समय वाहन को ज्यादा गति में नहीं रखना चाहिए और ना ही शराब पीकर चलाना चाहिए

# दुर्गा शक्ति एप और महिला हेल्प डेस्क की दी जानकारी

■ नशा सेहत और समाज दोनों के लिए हानिकारक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला पुलिस द्वारा नशे के दुष्प्रभाव, यातायात नियमों की पालना और महिला सुरक्षा के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जाकर विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव, यातायात के नियमों की पालना करने और महिलाओं को उनके विरुद्ध होने वाले अपराध के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग की ओर से दुर्गा-शक्ति एप लॉन्च किया गया है। दुर्गा शक्ति एप का लाल बटन दबाने से आपको पुलिस मदद मिलेगी। इसलिए महिलाएं स्वयं को दुर्गा शक्ति एप पर रजिस्टर कर लें। महिला विरुद्ध होने वाले अपराध की सूचना किसी भी थाना के महिला हेल्प डेस्क, महिला थाना, महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 या डायल 112 पर दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि सूचना पर पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगी। उन्होंने यातायात के नियमों के बारे में जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को बताया कि यातायात के नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है। इससे हम अपने और दूसरों के जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय वाहन को ज्यादा गति में नहीं रखना चाहिए और ना ही शराब पीकर वाहन चलाना चाहिए।

वहीं दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करें। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का नशा सेहत और समाज दोनों के लिए हानिकारक है।

**छात्राओं को दुर्गा शक्ति एप की जानकारी देते इंस्पेक्टर सतीश कुमार**



Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
Great MONSOON Sale
DISCOUNT UP TO 80%
19 JULY TO 25 JULY
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE 1 KG SUGAR FREE
OR
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE 1LTR FREE
UPTO 80% OFF OFF
BAHADURGARH
JHAJJAR
DIGHAL
*T & C APPLY
WHOLSALE RATE KA HYPERMARKET • Elenta का वादा बचत सबसे ज्यादा।

O'CEAN FRUIT DRINK FREE MRP ₹60 BUY 1 GET 4
FRESCA FREE BUY 1 GET 3
BUDWEISER NON ALCOHOLIC BEER FREE BUY 1 GET 2
HURRICANE ENERGY DRINK FREE BUY 1 GET 2
TENDER COCONUT WATER FREE BUY 1 GET 2
CLEAR WATER FREE BUY 1 GET 2
STORIA COCONUT WATER FREE BUY 1 GET 1
Vadilal UPTO 56 % OFF ON MRP
PATANJALI SHARBAT FREE BUY 1 GET 1
HAMDARD ROOHAFZA MRP ₹180 @ JUST 155
FIR 4 DIET SHARBAT FREE BUY 1 GET 1
YUVAUD SHARBAT FREE BUY 1 GET 1
FRESCA CLUB SODA FREE BUY 1 GET 1
DEL MONTE MIX FRUIT DRINK FREE BUY 1 GET 1
COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA @ JUST 74
REAL COCONUT WATER FREE BUY 1 GET 1
Arshirvaad atta 10kg ₹495 OUR PRICE ₹435
SAFE HARVEST ATTA 5 KG 50% OFF ON MRP
TATA TEA PREMIUM 1KG ₹580 OUR PRICE ₹365
TAJ MEHAL TEA 1 KG ₹710 OUR PRICE ₹539
DAAWAT ROZANA GOLD 5 KG ₹600 OUR PRICE ₹399
INDIA GATE FEAST ROZANA 5 KG ₹585 OUR PRICE ₹428
HALDIRAM'S ALL RANGE 12.5% OFF ON MRP
CATCH DRINK 1.25L BUY 1 GET 1 FREE
NILON'S PICKLE 1KG 50% OFF ON MRP
TOPS PICKLE 1KG SELECTED VARIANTS 50% OFF ON MRP
SATMOLA NAMKEEN BUY 1 GET 1 FREE
CATCH SPICES 25% OFF ON MRP
LOOSE PASTA MACARONI 1 KG OUR PRICE ₹60
PRO NATURE 20% OFF ON MRP
Del Monte Dates 500 gram BUY 1 GET 1 FREE
PRAAKRITIK ALL PRODUCTS 20% OFF ON MRP
WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY
CHANA DAAL 1KG OUR PRICE ₹79
MOONG DHULI 1KG OUR PRICE ₹115
KALA CHANA 1KG OUR PRICE ₹77
MALKA LAL DAAL 1KG OUR PRICE ₹84
BADAM 1KG OUR PRICE ₹819
KISMISH 1KG OUR PRICE ₹449
PATANJALI SALT BUY 1 GET 1 FREE
VRINDAWAN MAKHANA ₹400 OUR PRICE ₹325
TREEVEDA VERMICELLI, PASTA, MACRONI SELECTED VARIANTS BUY 1 GET 1 FREE
PRABHAS GHEE 1 LTR FREE! BUY 1 GET 1 FREE
GM POHA 500 GM BUY 1 GET 1 FREE
BAIL KOLHU 1LTR MRP ₹189 OUR PRICE ₹169
FORTUNE PURE MUSTARD OIL 1LTR MRP ₹190 OUR PRICE ₹172
MILK FOOD GHEE 1 LTR MRP ₹580 OUR PRICE ₹505
AMUL PURE GHEE 1 LTR MRP ₹650 OUR PRICE ₹575
Ariel Complete Detergent 4KG BUY 1 GET 1 FREE
SURF EXCEL MATIC POWDER TOP LOAD 6KG ₹1199
SURF EXCEL MATIC POWDER FRONT LOAD 6KG ₹1249
Giffy Liquid Dish Wash Gel 2L 2ltr 25% OFF
TIDE JASMINE & ROSE 9 kg ₹749
WIPRO SAFE WASH 1LTR WITHOUT OFFER 1ltr BUY 1 GET 2 FREE
TRISHUL PHENYLE 5 LTR 50% OFF
surf excel easy wash 7 kg MRP ₹1030 ₹685
ARIEL MATIC TOP & FRONT LOAD 5LTR ₹650
ARIEL MATIC 4KG+2KG+1L TOP LOAD MRP ₹1425 ₹230 OFF
ARIEL MATIC 4KG+2KG+1L FRONT LOAD MRP ₹1549 ₹250 OFF
HELIOS PRODUCTS SHOE CARE 25% OFF
GALA SELECTED 20% OFF
SOFTSENS BABY PRODUCTS UPTO 35% OFF

Bahadurgarh Address: Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899
Jhajjar Address: Elenta Mart, W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531
Dighal Address: Elenta Mart, Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127

OPEN 7 DAYS A WEEK | 9AM TO 10PM . PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST *STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME
*ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.
FOLLOW US ON : elenta_mart elenta mart